समाचार

सड़कों पर मांस, मछली विक्रय करने वालों को नानवेज मार्केट में किया जाएगा शिफ्ट

(आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने नानवेज मार्केट सहित अन्य विभिन्न स्थलों का किया दौरा, दिए आवश्यक निर्देश)

कोरबा 09 फरवरी 2022 – शहर की सड़कों के किनारे पसरा लगाकर मांस, मछली का विक्रय करने वालों को बुधवारी बाजार स्थित नानवेज मार्केट में शिफ्ट किया जाएगा। आज आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने बुधवारी नानवेज मार्केट का अधिकारियों की टीम के साथ निरीक्षण किया तथा उक्ताशय के निर्देश दिए। इसी प्रकार पौनी पसारी बाजार का निरीक्षण करते हुए उन्होने जिन व्यक्तियों को पौनी पसारी चबूतरें आबंटित किए गए हैं, उन्हें उक्त बाजार में व्यवस्थित किए जाने के संबंध में अधिकारियों का मार्गदर्शन किया।

आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने आज निगम के अधिकारियों की टीम के साथ बुधवारी बाजार स्थित नानवेज मार्केट का निरीक्षण किया, वहॉ की साफ–सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं को देखा, उक्त नानवेज मार्केट के प्रथम तल में मटन एवं चिकन की दुकानें तथा ऊपरी तल पर मछली विक्रय हेतु दुकान या चबूतरें स्थित हैं। आयुक्त श्री पाण्डेय ने नानवेज मार्केट के दोनों तलों का अवलोकन किया, उन्होने शहर की सड़कों के किनारे अव्यवस्थित रूप से पसरे लगाकर मांस, मछली का विक्रय करने वाले लोगों को उक्त नानवेज मार्केट में शिफ्ट कर उन्हे व्यवस्थित किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होने कहा कि सड़कों के किनारे मांस, मछली का विक्रय होने से एक ओर जहॉ पर्यावरण प्रदूषित होता है, निगम की साफ–सफाई व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, वहीं दूसरी ओर आमनागरिकों को इससे अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ता है, अतः शीघ्र से शीघ्र सड़कों पर लगने वाली मांस, मछली की दुकानों को नानवेज मार्केट में शिफ्ट किया जाए।

पौनी पसारी बाजार का निरीक्षण— नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा छत्तीसगढ़ शासन की महती योजना पौनी पसारी योजनांतर्गत परम्परागत व्यवसाय करने वालों को सुविधायुक्त स्थल उपलब्ध कराने के मद्देनजर निगम क्षेत्र में चार स्थानों पर पौनी पसारी बाजार बनाए गए हैं, इतवारी बाजार कोरबा, बुधवारी बाजार, मुड़ापार बाजार एवं प्रेमनगर दर्री में निर्मित इन बाजारों में सर्वसुविधायुक्त व शेडयुक्त 75 चबूतरें निर्मित कर परम्परागत व्यवसाय करने वालों को आबंटित किए गए हैं। आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने पौनी पसारी बाजार का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन व्यक्तियों को इन चबूतरों का आबंटन किया गया है, उन्हें शीघ्र से शीघ्र यहॉ पर व्यवस्थित करें तथा उनकी शिफ्टिंग कराएं, साथ ही पौनी पसारी बाजार में उपलब्ध कराई गई सुविधाएं निर्वाध रूप से जारी रहे, यह भी अंतिम रूप से सुनिश्चित करें।

कर्मशाला का किया निरीक्षण— आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने स्टेडियम रोड स्थित निगम की कर्मशाला का औचक निरीक्षण किया। कर्मशाला में रखे गए निगम के विभिन्न वाहनों, ट्रक, ट्रेक्टर, टाटा एस, जे.सी.बी., डम्फर, पानी टैंकर, सक्शन मशीन, कम्पेक्टर, काऊकेचर, मोबाईल टायलेट सहित अन्य वाहनों का निरीक्षण किया, वाहनों की स्थिति का जायजा लिया तथा मरम्मत योग्य वाहनों की मरम्मत हेतु तत्काल प्रस्ताव तैयार करने, एक और काऊकेचर बनवाने, मोबाईल टायलेट की मरम्मत कराकर दुरूस्त करने, सी.एण्ड डी. वेस्ट वाहनों की जोनवार तैनाती कर उन्हें जोन कार्यालयों में रखने तथा कंडम वाहनों व कबाड़ की नीलामी करने आदि के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

सफाई कार्यो का निरीक्षण— भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने कोसाबाड़ी जोन के विभिन्न स्थलों, मुख्य मार्गो, चौक—चौराहों सहित बुधवारी बाजार आदि की साफ—सफाई व्यवस्था व स्वच्छता संबंधी कार्यो का सघन रूप से निरीक्षण किया। स्वच्छता कार्य में संलग्न सफाई कर्मचारियों एवं डोर—टू—डोर अपशिष्ट कार्य पर निकली स्वच्छता दीदियों से चर्चा की, उनके कार्यो एवं कार्य की समयावधि की जानकारी ली तथा बेहतर कार्य संपादन हेतु उनका उत्साहवर्धन किया, साथ ही बेहतर साफ—सफाई कार्यो हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

भ्रमण के दौरान जोन कमिश्नर आर.के.माहेश्वरी, उपायुक्त खजांची कुम्हार, कार्यपालन अभियंता भूषण उरांव, संपदा अधिकारी श्रीधर बनाफर, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी एवं सुनील वर्मा, सहायक अभियंता प्रकाश चन्द्रा, गोयल सिंह विमल, राजस्व अधिकारी अनिरूद्ध सिंह एवं अशोक बनाफर, प्रिंस कुमार सिंह, भावेश यादव सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।